<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25 मई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत को विकसित देश बनाना एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षा।
- प्रधानमंत्री आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा कार्यक्रम का प्रसारण।
- आज दो पालियों में होगी यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये प्रमुख शहरों की यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव।
- देश में आठ दिन पहले ही मानसून की दस्तक। प्रदेश में अट्ठारह जून तक मानसून के आगमन की सम्भावना। प्रदेश के पश्चिमी जिलों में बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हर भारतीय की आकांक्षा है कि देश विकसित भारत बने। यह किसी पार्टी का एजेंडा नही बल्कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षा है। नई दिल्ली में कल नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है और पचीस करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल आए हैं।

नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री ने राज्यो का आह्वान किया कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप तथा सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराते हुए अपने राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें। उन्होंने एक राज्य–एक वैश्विक गंतव्य पर जोर देते हुए कहा कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, के साथ अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में 2047 तक विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। श्री योगी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विकसित भारत–विकसित राज्य के लक्ष्य की सिद्धि में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बाइसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में कल वाराणसी, कुशीनगर और अमरोहा में भी तिरंगा यात्रा निकाली गईं। वाराणसी में आयोजित तिरंगा यात्रा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से सशस्त्र बलों ने देश का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया है, भारत विश्व महाशक्ति के रूप में उभरा है। वाराणसी में मीडिया से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा

***देश की सेनाओं ने देश के एक सौ चालीस करोड़ लोगों का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। भारत की जय जय कार हो रही दुनिया में हम आर्थिक रूप से तो समृद्धशाली बन ही रहे थे लेकिन सामरिक दृष्टि से भी विश्व की एक महाशक्ति के रूप में भारत उभरा है। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर तीनों में तिरंगे का मान बढ़ा है। सम्मान बढ़ा है देश गर्व कर रहा है।***

**********

गौतमबुद्धनगर में कोविड का पहला मामला सामने आया है। 55 वर्षीय एक महिला में करोना के लक्षण मिलने के बाद कराई गई आरटीपीसीआर जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। सीएमओ नरेन्द्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मरीज में कोरोना के हल्के लक्षण है, उन्हें घर में ही आईसोलेट किया गया है। परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच के लिये सैम्पल लिये गये हैं। उन्होंने बताया कि अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। सभी अस्पतालों को कोरोना के लिये बेड आरक्षित करने और ऑक्सीजन का पर्याप्त स्टॉक रखने के लिये कहा गया है। कोरोना से संबंधित एडवाइजरी भी जारी की जा रही है।

***इसमें किसी बहुत ज्यादा पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। एक केस पॉजिटिव आया है साथ ही हम पूरे जनता को गौतमबुद्ध नगर की ये संदेश देना चाहेंगे कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है परन्तु मास्क का इस्तेमाल सैनिटाइजर का इस्तेमाल अवश्य करें लोगों से डिस्टेंस बना के रखें।***

प्रदेश में अब तक कोरोना के पांच मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें चार गाजियाबाद के हैं।

**********

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा आज देश भर के प्रमुख शहरों में बनाये गये विभिन्न केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर बाद ढाई बजे से होगी। परीक्षा को लेकर यूपीएससी ने परीक्षार्थियों के लिये पहले से व्यापक दिशा–निर्देश जारी कर रखे हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये प्रमुख शहरों की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

**********

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि पूरे भारत में लगभग एक लाख छात्रों को निःशुल्क एआई प्रशिक्षण दिया जाएगा। कल नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि आगामी स्किलिंग फॉर रेडीनेस एआई कार्यक्रम के अंतर्गत मॉड्यूल बनाए गए हैं और जल्द ही कक्षा 6 से 12 के छात्रों के लिए शुरू किए जाएंगे। समिट में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम किया है।

**********

प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की धनराशि इक्यावन हजार रूपये से बढ़ाकर एक लाख रूपये करने की घोषणा प्रभावी हो गयी है। इस सम्बन्ध में शासनादेश जारी हो गया है। इसका लाभ चौबीस मई के बाद पंजीकरण कराने वालों को मिलेगा। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अब लड़की के खाते में साठ हजार रूपये आयेंगे जबकि उपहार सामग्री खरीदने पर पचीस हजार रूपये की धनराशि खर्च की जायेगी। पन्द्रह हजार रूपये की धनराशि प्रति जोड़ा शादी समारोह में अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किया जायेगा। योजना में पहले इक्यावन हजार रूपये की कुल व्यवस्था थी, जिसमें से कन्या के खाते में पैंतीस हजार रूपये भेजे जाते थे। इस बीच शासन ने पात्रता के लिये आय सीमा भी दो लाख से बढ़ाकर तीन लाख रूपये कर दी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रितेश।***

**********

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिये प्रयासरत है। उन्होंने सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों को आंधी, तूफान, बारिश और पेड़ गिरने से प्रभावित विद्युत आपूर्ति को युद्धस्तर पर सुधारने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने कहा कि अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल स्थलीय भ्रमण कर विद्युत व्यवधानों को दूर करायें। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिये सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर चौबीस घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम स्थापित करायें।

**********

दक्षिण–पश्चिम मानसून पिछले 16 वर्षों में पहली बार कल केरल में अपनी निर्धारित तिथि से आठ दिन पहले पहुंच गया। केरल में मॉनसून सामान्य रूप से पहली जून तक पहुंचता है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रदेश में मानसून का आगमन अट्ठारह जून तक सम्भावित है।

***उत्तर प्रदेश में अट्ठारह जून से मानसून का आगमन होता है अभी उसमें समय है फिलहाल आने वाले मौसम की बात करें तो पूर्वी हवाओं का आगमन प्रदेश में बना हुआ है जो हमारा तराई बेल्ट है और जो हमारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में है गरज चमक के साथ छिटपुट बारिश एवं तेज हवाओं का चलन फिलहाल आने वाले अगले दो तीन दिनों में रहेगा तीन दिनों के बाद मौसम में फिर से बदलाव होगा और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी तेज हवाओं का चलन रह सकता है।***

इस बीच आज तड़के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मध्यम हवाओं के साथ बारिश हुयी। सहारनपुर और अमरोहा में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

**********

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी टेस्ट मैचों के लिये शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का नया कप्तान घोषित किया है। ऋषभ पंत उप कप्तान होंगे। युवा बल्लेबाज साईं सुदर्शन और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

**********